3 2.2.2/2.33 शिक्षक अभिभावक योजना
ATA GLANCE

E_mail - hegmkbaccjab@mp.gov.in
Fax : 0761-4003206
Phone : 2401300 (O)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय मानकुंवरबाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)

# शिक्षक अभिभावक योजना
## प्रतिवेदन सत्र (2015–16)

महाविद्यालय में संचालित छात्राओं के लिये उपयोगी एक महत्वपूर्ण योजना शिक्षक अभिभावक योजना है। महाविद्यालय में ग्रामीण एवं शहरी इलाकों से आने वाली छात्राऐं अपने अभिभावकों को छोड़कर महाविद्यालय में तकरीबन 5 घंटे रहती है। इस पूरे समय में शिक्षक ही उनके अभिभावक होते हैं अतः उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस योजना को प्रारंभ करने का उद्देश्य है कि छात्रायें महाविद्यालय में शिक्षकों को अपने शिक्षक अभिभावक के रूप में देखें, समझे और महाविद्यालय तथा शिक्षक कार्य, खेलकूद व अपनी अन्य समस्याओं को निःसंकोच होकर व्यक्त कर सकें। इस हेतु इस योजना के तहत् हम प्रत्येक वर्ष छात्राओं की संख्या एवं महाविद्यालय में कार्यरत् प्राध्यापकों, अतिथि विद्वान की संख्या के आधार पर आनुपातिक रूप से छात्राओं के अभिभावकों की जिम्मेदारी शिक्षक अभिभावक के रूप में दायित्व सौंपते हैं। शिक्षक अभिभावक अपने दायित्वों को निर्वहन करते हुये छात्राओं की समस्या को सुनकर समिति के पास जानकारी देते हैं, समिति फिर इस समस्या को संबंधित तक पहुँचाती है जिससे उसका निराकरण किया जा सके ताकि छात्राओं की समस्या का निराकरण हो सके।

शिक्षक अभिभावक योजना के अंतर्गत सत्र में दो बार इस योजना की बैठक का आयोजन किया जाता है।

सत्र 2015–16 में इस योजना का प्रथम चरण दिनांक 06/11/2015 को प्रातः 10:00 से 12:00 तक बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय तृतीय एंव एम.कॉम. प्रथम एवं अंतिम वर्ष एवं 12:00 से 02:00 तक बी.ए. प्रथम, द्वितीय तृतीय एंव एम.ए. प्रथम एवं अंतिम वर्ष की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें तकरीबन 21 प्राध्यापकों ने बी.ए. में 21 कमरों में अपने दायित्व का निर्वहन किया तथा एम.ए. प्रथम एवं अंतिम वर्ष के लिये विभागों में शिक्षक अभिभावक योजना की बैठक की गई एवं बी.कॉम. में 15 प्राध्यापकों ने 15 कमरों में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये एम.कॉम. का वाणिज्य विभाग में



Scanned with CamScanner

मीटींक आयोजित की गई। इस योजना का द्वितीय चरण दिनांक 31/03/2016 को अयोजित किया गया।

सारणी दोनों बैठकों का संयुक्त विश्लेषण निम्न सारणीनुसार प्रस्तुत है।

| क्र. | कक्षा | कक्ष | कुल छात्रायें | कुल शिक्षक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बी.ए. प्रथम, द्वितीय तृतीय | 21 | 1117 | 21 |
| 02 | एम.ए. प्रथम एवं अंतिम | 13 | 360 | 13 |
| 03 | बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय तृतीय | 15 | 658 | 15 |
| 04 | एम.कॉम. प्रथम एवं अंतिम | 01 | 136 | 02 |

इन दोनों बैठकों में तकरीबन 40 प्रतिशत छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दी। अभिभावकों के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर छात्राओं की निम्न समस्यायें सामने आई–

1. छात्राओं ने बाथरूम की सफाई, महाविद्यालय के कॉरीडोर की सफाई एवं पीने के पानी के व्यवस्था के बारे में शिकायत की।
2. कुल क्लास रूम में ट्यूबलाईट एवं पंखे खराब रहने की शिकायत की।
3. बी.ए. एवं बी.कॉम. की छात्रायें महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा कराये जाने वाले अध्यापन कार्य से संतुष्ट थी।

इन समस्याओं को संबंधितों को अवगत करा दिया गया है। जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया जिसे छात्राओं में प्रेषित कर दिया गया है।

डॉ. शीला चौबे
संयोजक
शिक्षक अभिभावक योजना

डॉ. विजया कोष्टा
सदस्य
शिक्षक अभिभावक योजना

डॉ. संध्या पचौरी
सदस्य
शिक्षक अभिभावक योजना



Scanned with CamScanner

# शिक्षक अभिभावक योजना

## प्रतिवेदन सत्र (2016–17)

सत्र 2016–17 की शिक्षक अभिभावक योजना का प्रथम चरण दिनांक 06/10/2016 को आयोजित किया गया जिसमें बी.कॉम. प्रथम,द्वितीय, तृतीय एवं एम. कॉम. प्रथम एवं अंतिम वर्ष का प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक आयोजित किया गया। बी.ए. प्रथम,द्वितीय, तृतीय एवं एम.ए. प्रथम एवं अंतिम वर्ष का 12:00 से 02:00 बजे तक बैठक आयोजित की गई। इसी तरह द्वितीय चरण दिनांक 18/03/2017 को आयोजित किया गया।

| क्र. | कक्षा | कक्ष | कुल छात्रायें | कुल शिक्षक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बी.ए. प्रथम, द्वितीय तृतीय | 19 | 1250 | 34 |
| 02 | एम.ए. प्रथम एवं अंतिम | 13 | 326 | 13 |
| 03 | बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय तृतीय | 11 | 687 | 15 |
| 04 | एम.कॉम. प्रथम एवं अंतिम | 01 | 133 | 02 |

इन दोनों बैठकों में तकरीब 42 प्रतिशत छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दी। दोनों बैठकों के पश्चात् समस्त शिक्षक अभिभावकों के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर छात्राओं की निम्न समस्यायें सामने आई–

1. बी.कॉम. की छात्राओं ने कम्प्यूटर के बारे में कहा कि लैब में पुराने कम्प्यूटर है जिसे नये में परिवर्तित करने की आवश्यकता है। छात्राओं ने खेलकूद के मैदान में क्रिकेट मैदान की असुविधा से अवगत कराया और कहा कि इसके लिये व्यवस्था की जाये। छात्राओं की समस्या से हमने महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी को अवगत करा दिया और छात्राओं को भी सूचित कर दिया गया।

डॉ. शीला चौबे
संयोजक

डॉ. विजया कोष्टा
सदस्य

डॉ. संध्या पचौरी
सदस्य



Scanned with CamScanner

## शिक्षक अभिभावक योजना

## प्रतिवेदन सत्र (2017–18)

शिक्षक अभिभावक योजना सत्र 2017–18 की प्रथम बैठक दिनांक 10/11/2017 को आयोजित की गई जिसमें बी.कॉम. प्रथम,द्वितीय, तृतीय एवं एम.कॉम. प्रथम एवं अंतिम वर्ष का प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक आयोजित किया गया। बी.ए. प्रथम,द्वितीय, तृतीय एवं एम.ए. प्रथम एवं अंतिम वर्ष का 12:00 से 02:00 बजे तक आयोजित की गई। इसी तरह द्वितीय बैठक दिनांक 26/03/2018 को आयोजित की गई।

| क्र. | कक्षा | कक्ष | कुल छात्रायें | कुल शिक्षक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बी.ए. प्रथम, द्वितीय तृतीय | 24 | 1439 | 30 |
| 02 | एम.ए. प्रथम एवं अंतिम | 13 | 382 | 13 |
| 03 | बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय तृतीय | 13 | 741 | 20 |
| 04 | एम.कॉम. प्रथम एवं अंतिम | 01 | 134 | 02 |

इन दोनों बैठकों में तकरीबन 42 प्रतिशत छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों बैठकों के पश्चात् समस्त शिक्षक अभिभावकों के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर छात्राओं की निम्न समस्यायें सामने आई–

1. महाविद्यालय में नेत्र बाधित छात्राओं के द्वारा इस समस्या से अवगत कराया गया कि कोई भी फार्म आवेदन फार्म भरने में असुविधा होती है जिसके लिये महाविद्यालय प्रशासन व्यवस्था करें।
2. आधार पाठ्यक्रम की क्लासेस नहीं लगती।
3. नेत्रबाधित छात्राओं ने महाविद्यालय से ही राइटर की व्यवस्था करने की प्रार्थना की है।

इन समस्याओं के समाधान के लिये समिति द्वारा संबंधितों को अवगत करा दिया गया है एवं छात्राओं को भी सूचित कर दिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. शीला चौबे<br>संयोजक | डॉ. विजेता कोष्टा<br>सदस्य | डॉ. संध्या पचौरी<br>सदस्य |



Scanned with CamScanner

# प्रतिवेदन सत्र (2018–19)

शिक्षक अभिभावक योजना सत्र 2018–19 की प्रथम बैठक दिनांक 29/10/2018 को प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं एम.कॉम. प्रथम एवं अंतिम वर्ष एवं बी.ए. प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं एम.ए. प्रथम एवं अंतिम वर्ष का 12:00 से 02:00 बजे तक आयोजित की गई एवं द्वितीय चरण 25/03/2019 को आयोजित की गई।

| क्र. | कक्षा | कक्ष | कुल छात्रायें | कुल शिक्षक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बी.ए. प्रथम, द्वितीय तृतीय | 31 | 1579 | 43 |
| 02 | एम.ए. प्रथम एवं अंतिम | 13 | 437 | 13 |
| 03 | बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय तृतीय | 14 | 743 | 19 |
| 04 | एम.कॉम. प्रथम एवं अंतिम | 01 | 138 | 02 |

इन दोनों बैठकों में तकरीबन 45 प्रतिशत छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। छात्राओं द्वारा निम्न समस्याओं का उल्लेख किया गया।

1. महाविद्यालय में यूनीफार्म नहीं होना चाहिए और यदि हो तो इसमें एक दिन की छूट दी जानी चाहिए।

7. हिन्दी, अर्थशास्त्र एवं उद्यमिता की क्लासेस नहीं लगती।
8. महाविद्यालय में ऑडिटोरियम की कमी है।

इन सभी समस्याओं को संबंधित तक पहुँचा दिया गया और ये आश्वासन छात्राओं को दिया गया कि इस समस्याओं का समाधान अतिशीघ्र किया जायेगा।

डॉ. शीला चौबे
संयोजक
शिक्षक अभिभावक योजना

डॉ. विजयो कोष्टा
सदस्य
शिक्षक अभिभावक योजना

डॉ. संध्या पचौरी
सदस्य
शिक्षक अभिभावक योजना



Scanned with CamScanner

# प्रतिवेदन सत्र (2019–20)

शिक्षक अभिभावक योजना सत्र 2019–20 का प्रथम चरण की बैठक का आयोजन दिनांक 31/12/2019 को बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं एम.कॉम. प्रथम एवं अंतिम वर्ष को प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक एवं बी.ए. प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं एम.ए. प्रथम एवं अंतिम वर्ष का 01:00 से 04:00 बजे तक आयोजित की गई इसी तरह द्वितीय चरण की बैठक 19/02/2020 को आयोजित की गई।

| क्र. | कक्षा | कक्ष | कुल छात्रायें | कुल शिक्षक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बी.ए. प्रथम, द्वितीय तृतीय | 27 | 1640 | 38 |
| 02 | एम.ए. प्रथम एवं अंतिम | 13 | 574 | 13 |
| 03 | बी.कॉम. प्रथम, द्वितीय तृतीय | 15 | 791 | 22 |
| 04 | एम.कॉम. प्रथम एवं अंतिम | 01 | 143 | 02 |

इन दोनों बैठकों में तकरीबन 42 प्रतिशत छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। छात्राओं द्वारा निम्न समस्याओं का उल्लेख किया गया।

1. कैन्टीन में जो खाने का सामान मिलता है इसकी क्वालिटी अच्छी नहीं होती है, इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।
2. बाथरूम में सफाई निरन्तर नहीं होती। पीने का पानी साफ नहीं रहता है।

उपरोक्त समस्याओं से संबंधित विभागों को अवगत कराया गया उनके द्वारा छात्राओं को आश्वासन भी दिया गया है।

डॉ. शीला चौबे
संयोजक
शिक्षक अभिभावक योजना

डॉ. विजया कोष्टा
सदस्य
शिक्षक अभिभावक योजना

डॉ. संध्या पचौरी
सदस्य
शिक्षक अभिभावक योजना



Scanned with CamScanner